# परियोजना का नामः— तिलवाड़ा नगर पंचायत पेयजल योजना

**प्रतिवेदन**
**(परियोजना के सम्बन्ध मे संक्षिप्त विवरण)**
**जनपद – रूद्रप्रयाग**

तिलवाड़ा नगर पंचायत पेयजल योजना विकास खण्ड अगस्तमुनि की एक महत्वाकांक्षी पेयजल योजना है। इस योजना से तिलवाड़ा नगर की 2640 जनसंख्या को पेयजल से लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। नगर पंचायत तिलवाड़ा पेयजल योजना जो कि 1983–84 में निर्मित की गयी थी अत्यन्त पुरानी एवं जीर्ण शीर्ण अवस्था मे है तथा अपनी परिकल्पन अवधि को पूर्ण कर चुकी है। अतः वर्तमान मे तिलवाड़ा का अस्तित्व नगर पंचायत बन जाने के कारण नगर के मानकों के अनुरूप पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लस्तर नदी से मुख्य टैंक से जोन के अनुसार 02 जलाशयों का निर्माण कर तिलवाड़ा नगर पंचायत को पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। पेयजल योजना का निर्माण किये जाने हेतु पेयजल निगम द्वारा प्राथमिक चरण (पी–1) प्राक्कलन गठित कर EAP कार्यक्रम के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 823/उन्तीस (2)/19–2(11पे0)/2019 दिनांक 11.07.2019 द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है। उक्त पेयजल योजना में लगभग 200 मीटर पाइप लाइन संरेखण वन भूमि के अन्तर्गत है। उपरोक्त पेयजल योजना के निर्माण हेतु कार्य स्थल की आवश्यकता अनुरूप चयनित संरेखण अनुकूलतम है।

अतः वर्णित भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई भी भूमि योजना के निर्माण हेतु उपयुक्त नहीं है। जिस हेतु आवश्यक वनभूमि हस्तान्तरण प्रपत्र संलग्न कर प्रेषित किये जा रहें है।

अधिशासी अभियन्ता
EXECUTIVE ENGINEER,
Construction Division
Uttarakhand Peyjal Nigam
Rudraprayag